पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# दिव्यांगता निवारण, बचाव, उपचार एवं पुनर्वासन योजनाओं के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए महत्वपूर्ण कार्य योजना तैयार

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की योजनाओं के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु विशेष जन जागरूकता अभियान प्रस्तावित

लखनऊ : 06 अगस्त, 2026

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026–27 में व्यापक प्रचार–प्रसार अभियान संचालित करने का निर्णय लिया गया है। अभियान का उद्देश्य दिव्यांगजनों तथा उनके परिजनों को विभागीय योजनाओं, अधिकारों, उपचार, पुनर्वास, प्रशिक्षण एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में ज़्यादा से ज़्यादा जानकारी उपलब्ध कराना है।

दिव्यांगता निवारण, बचाव, उपचार, प्रशिक्षण एवं पुनर्वास से संबंधित योजनाओं के प्रभावी प्रचार–प्रसार के अंतर्गत दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठनों व स्वैच्छिक संस्थाओं के साथ ही सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के माध्यम से जनजागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास किया जायेगा। इस प्रचार–प्रसार एवं जागरूकता हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में 35.00 लाख रुपये बजट की व्यवस्था की गयी है।

प्रचार अभियान के अंतर्गत प्रदेश के 350 तहसील मुख्यालयों, 18 मंडल मुख्यालयों तथा चयनित महत्वाकांक्षी जनपदों सहित कुल 375 स्थानों पर एक माह की अवधि के लिए होर्डिंग लगाने का निर्णय लिया गया है। इन होर्डिंग्स के माध्यम से विभाग की विभिन्न योजनाओं, दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं सुविधाओं का व्यापक प्रचार किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त विभाग की योजनाओं, उपलब्धियां तथा जनहितकारी संदेश नियमित रूप से डिजिटल माध्यमों से जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए कार्य योजना तैयार कर उस पर शीघ्र क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जायेगा। इस अभियान को डिजिटल रूप से छह सप्ताह की चरणबद्ध कार्ययोजना के अनुसार संचालित किया जाएगा। प्रथम सप्ताह में अभियान का शुभारंभ, द्वितीय एवं तृतीय सप्ताह में दिव्यांगजन सशक्तीकरण से संबंधित जागरूकता, चतुर्थ एवं पंचम सप्ताह में विभागीय योजनाओं एवं अवसरों का प्रचार तथा अंतिम सप्ताह में अभियान की समीक्षा एवं उपलब्धियों का प्रसार किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि प्रचार–प्रसार के इन प्रयासों के माध्यम से अधिकाधिक पात्र दिव्यांगजन विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें तथा समाज में दिव्यांगजन के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो। यह अभियान शासन की समावेशी एवं जनकल्याणकारी नीति को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

---

**सम्पर्क सूत्र– मो0 इकबाल खां**

राम यतन/04:40 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in